तन भी खाटू मन भी खाटू

तन भी खाटू मन भी खाटू जो कुछ है सब श्याम का
मेरा कुछ ना लागे रे भैया ये जीवन बस नाम का

हीरे मोती छोड़ दूँ सारू छोडूं सभी ख़ज़ाने
खाटू श्याम का भक्त जान कर ये दुनिया पहचाने
चाकर बनकर रहूं उम्र भर एक इन्ही के धाम का
मेरा कुछ ना लागे रे भैया ये जीवन बस नाम का

रोम रोम मेरा खाटू श्याम का जैकारा जब बोले
जो ना मिला कभी ये आत्मा उस आनंद में डोले
उसका नाम नहीं फिर मेरा जीवन है किस काम का
मेरा कुछ ना लागे रे भैया ये जीवन बस नाम का

प्राण निकल जाए तो यही है अरमा एक हमारा
कभी ना छूटे खाटू धाम न छूटे इनका द्वारा
दीपक बनकर जले ये मंगल चौखट पे हर शाम का
मेरा कुछ ना लागे रे भैया ये जीवन बस नाम का

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/14111/title/tan-bhi-khatu-mn-bhi-khatu-jo-kuch-hai-sab-shyam-ka

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |